अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के प्रांगण में दिनांक 08 सितम्बर, 2018 को प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी के मार्गदर्शन में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान डॉ. रेणू अग्रवाल, YMCAUST द्वारा दिया गया। व्याख्यान की विषय वस्तु "भारतीय अर्थव्यवस्था और राजस्व स्थिति" रही। डॉ. उषा चौधरी ने डॉ. रेणू अग्रवाल का परिचय दिया। डॉ. रेणू अग्रवाल ने अर्थव्यव्यवस्था की वर्तमान गिरती हुई स्थिति के कारणों का परिचय दिया तथा इस भयावह स्थिति से देश को किस प्रकार निकाला जा सकता है और राज्स्व की गिरती स्थिति के सुधार के तरीकों को बताया। अन्त में प्रो. पूनम शर्मा ने उनका धन्यवाद किया।